

# छह देशों की धुनों पर थिरके कदम

## रवीन्द्र भवन में ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव

**निज संवाददाता**

**भोपाल, 6 अगस्त. रवीन्द्र भवन में गुरुवार शाम ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव का रंग ऐसा जमा कि छह देशों की अलग-अलग धुनों और नृत्यों पर पूरा सभागार देर तक तालियां बजाता रहा.**

संस्कृति मंत्रालय के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में भारत समेत छह देशों के कलाकारों ने मंच साझा किया. आयोजकों के अनुसार यह आयोजन ब्रिक्स देशों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव बढ़ाने के मकसद से किया गया. शुरुआत सांस्कृतिक परेड से हुई, जिसमें बेलारूस, ब्राजील, इंडोनेशिया, रूस, यूएई और भारत के दल शामिल रहे.

बेलारूस के कलाकारों ने लोकगीत और हल्के-फुल्के नृत्य पेश किए. ब्राजील की टीम ने कैपोएरा दिखाया, जिसमें मार्शल आर्ट और नृत्य का मेल नजर आया. इंडोनेशिया की प्रस्तुति में पारंपरिक स्वागत नृत्य और लोककथा आधारित नाट्य रूपांतर देखने को मिला. रूसी कलाकारों ने अपने पारंपरिक वाद्ययंत्रों पर धुनें बजाईं. यूएई के कलाकारों ने आधुनिक और पारंपरिक संगीत का मिश्रण पेश किया. भारत की ओर से राजस्थान का घूमर, कालबेलिया और भवाई नृत्य की प्रस्तुति हुई. अंत में सभी छह देशों के कलाकार एक साथ मंच पर आए और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया.

### विद्यार्थियों से नवभारत की बातचीत



फार्मेसी थर्ड ईयर छात्र संजीत कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न देशों की संस्कृति और तकनीक के बारे में जानने का अवसर मिला. ऐसे आयोजन छात्रों के लिए उपयोगी हैं, इससे नई सोच मिलती है और विकसित भारत के लक्ष्य को समझने में मदद मिलती है.



पीएम एक्सीलेंस कॉलेज की बीए फाइन आर्ट्स छात्रा प्रतीक्षा अहिरवार ने बताया कि कार्यक्रम से अंतर्राष्ट्रीय संस्कृति को समझा. ऐसे आयोजन दुनिया की विविधताओं से जोड़ते हैं, जिससे व्यक्तित्व विकास और ज्ञान दोनों में वृद्धि होती है.



अंजलि सेन, बीटेक कंप्यूटर साइंस फाइनल ईयर, मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने कहा कि महोत्सव में अलग-अलग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखने का अच्छा अनुभव मिला. उन्होंने खास तौर पर कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति को सराहा. उनके अनुसार, ऐसे कार्यक्रम छात्रों को नई सीख देते हैं और सांस्कृतिक समझ को मजबूत करते हैं.

## अंडर-19 के रोमांचक फाइनल में सेंट पॉल स्कूल विजेता

**भोपाल, 6 अगस्त (खेल प्रतिनिधि).** टीटी नगर स्टेडियम में गुरुवार को हुई एसजीएफआई इंटर - स्कूल बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सेंट जोसेफ, मॉडल और सेंट पॉल स्कूल ने अपने-अपने आयु वर्ग का खिताब जीता. प्रतियोगिता में तीन वर्गों की कुल 45 टीमों ने हिस्सा लिया. अंडर-19 का फाइनल सबसे रोमांचक रहा, जिसमें सेंट पॉल ने सेंट जोसेफ को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराया. अंडर-19 के फाइनल में दोनों टीमों के बीच शुरुआत से कड़ा मुकाबला हुआ. सेंट पॉल ने पहला सेट 26-24 से जीता, लेकिन सेंट जोसेफ ने दूसरे सेट में वापसी करते हुए 25-14 से जीत दर्ज की. निर्णायक सेट में भी स्कोर बराबरी के करीब रहा. आखिरी अंकों में बेहतर खेल दिखाते हुए सेंट पॉल ने सेट 16-14 से जीतकर खिताब अपने नाम किया.






## मोह साधना में सबसे बड़ी बाधा : आचार्यश्री

**निज संवाददाता**

**भोपाल, 6 अगस्त. श्री विद्योदय तीर्थ एमपी नगर में चल रहे चातुर्मास प्रवचन में आचार्यश्री समयसागर महाराज ने धर्म और साधना को लेकर स्पष्ट कहा कि धर्म की सही समझ आगम के आधार पर ही संभव है और साधना का उद्देश्य मोक्ष होना चाहिए, न कि केवल सांसारिक सुख. कार्यक्रम में सुबह और दोपहर दोनों सत्रों में बड़ी संख्या में श्रावक शामिल हुए.**

आचार्यश्री ने कहा कि किसी भी धार्मिक विषय पर बोलने से पहले चिंतन जरूरी है और प्रमाण के बिना बात को सत्य मान लेना ठीक नहीं. संस्था के मुताबिक उन्होंने बताया कि व्यक्तिगत विचारों को आगम नहीं कहा जा सकता, बल्कि वीतराग और सर्वज्ञ आप्त पुरुषों के वचन ही प्रमाण माने जाते हैं. उन्होंने मोह और कषाय को साधना की सबसे बड़ी बाधा बताते हुए कहा कि जब तक इन पर नियंत्रण नहीं होगा, आत्मकल्याण संभव नहीं.

आचार्यश्री ने प्रवचन में यह भी कहा गया कि मंदिर जाना और पूजा करना जरूरी है, लेकिन उससे अधिक जरूरी मन और भावों को संभालना है. राग-द्वेष, अहंकार और फल की इच्छा साधना को कमजोर करते हैं. साधक को परिणामों की शुद्धता पर ध्यान देना चाहिए.आचार्य ने समझाया कि धर्म केवल सुनने की चीज नहीं, उसे जीवन में उतारना जरूरी है.

## एसबीआई भोपाल मंडल में पेंशनर्स जागरुकता कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 6 अगस्त. भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), स्थानीय प्रधान कार्यालय, भोपाल द्वारा पेंशनभोगियों को नवीनतम पेंशन नियमों, साइबर सुरक्षा तथा बैंकिंग सेवाओं के संबंध में जागरूक करने के उद्देश्य से 'पेंशनर जागरुकता कार्यक्रम' का आयोजन एसबीआई स्थानीय प्रधान कार्यालय के सभागार में किया गया.**




इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (साइबर) प्रणय कुमार नागवंशी, संयुक्त संचालक, पेंशन भविष्य निधि एवं बीमा विभाग, मध्यप्रदेश शासन अरविंद गुप्ता एवं लक्ष्मी नारायण, एसबीआई के महाप्रबंधक उपस्थित रहे. जुल्फिकार अली खान, उप महाप्रबंधक (कस्टमर एक्सपीरियंस) ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला. महाप्रबंधक भरत कुमार मिश्रा ने कहा कि एसबीआई सदैव अपने पेंशनभोगी ग्राहकों को सुरक्षित, सरल एवं बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक डिजिटल बैंकिंग का सुरक्षित उपयोग करें तथा साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहें. कार्यक्रम में सीपीपीसी के पंकज चतुर्वेदी द्वारा पेंशन संबंधी विभिन्न सेवाओं, डिजिटल सुविधाओं, जीवन प्रमाण, शिकायत निवारण एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई.

### एक नजर में




## रामबहादुर राय राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**भोपाल.** तुलसी जयंती के अवसर पर गुरुवार को मानस भवन में आयोजित भक्ति संगीत और अलंकरण समारोह में वरिष्ठ पत्रकार और लेखक रामबहादुर राय को वर्ष 2026 का 'पद्मभूषण युगतुलसी पं. रामकिंकर उपाध्याय राष्ट्रीय पुरस्कार' दिया गया. कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति विभाग के तहत तुलसी शोध संस्थान ने किया. आयोजकों के अनुसार राय को पत्रकारिता, संस्कृति और समसामयिक विषयों पर लंबे समय से किए गए काम के लिए सम्मानित किया गया .समारोह में उज्जैन के शर्मा बंधु और उनके साथियों ने भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी, जिसे दर्शकों ने सराहा. कार्यक्रम में कई वरिष्ठ अधिकारी और अतिथि मौजूद रहे, जबकि राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने ऑनलाइन जुड़कर संबोधित किया. अधिकारियों के मुताबिक, यह पुरस्कार उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने भारतीय संस्कृति, साहित्य और विचारधारा को आगे बढ़ाने में योगदान दिया है. राय ने अपने संबोधन में पं. रामकिंकर उपाध्याय के कार्यों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने रामचरितमानस को सरल तरीके से लोगों तक पहुंचाया. उन्होंने बताया कि उपाध्याय ने कई ग्रंथ लिखे और कम उम्र में ही लेखन शुरू कर दिया था .कार्यक्रम में संस्था से जुड़े पदाधिकारियों और संस्कृति विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही.




## किशोर तेजवानी ने ली अध्यक्ष पद की शपथ

**भोपाल, 6 अगस्त( संतनगर प्रतिनिधि).** रोटरी क्लब ऑफ न्यू भोपाल के नए कार्यकाल की औपचारिक शुरुआत वरिष्ठ रोटेरियन किशोर तेजवानी के अध्यक्ष पद की शपथ के साथ हुई. सीहोर रोड स्थित एक फार्म हाउस में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज सेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में प्रभावी कार्य करने का संकल्प लिया. समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं उद्योगपति चंद्र लालचंदानी ने रोटरी क्लब की सेवा गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि क्लब ने वर्षों से समाजहित में उल्लेखनीय कार्य किए हैं. उन्होंने कहा कि समय की आवश्यकता को देखते हुए अब ऐसे बड़े और स्थायी प्रोजेक्ट शुरू किए जाने चाहिए, जिनका लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे. उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष तेजवानी एवं उनकी पूरी टीम को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया. अध्यक्ष तेजवानी ने कहा कि रोटरी क्लब ने स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं. पूर्व कार्यकाल में अस्पतालों को उपलब्ध कराई गई डायलिसिस मशीनें आज भी मरीजों के लिए उपयोगी साबित हो रही हैं. उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी क्लब एक ऐसा बड़ा जनहितकारी प्रोजेक्ट शुरू करने का प्रयास करेगा, जिसका लाभ समाज को लंबे समय तक मिलता रहे.

### नगर में आज

**राष्ट्रीय हथकरघा दिवस**
**समय**- दोपहर 12 बजे से, **स्थान**- एनआईडी परिसर

**याद-ए-दुष्यंत**
**समय**-सायं 5 :30 बजे से, **स्थान**-दुष्यंत संग्रहालय

**स्वदेशी हैंडलूम मेला**
**समय**-प्रात : 11 बजे से, **स्थान**-गौहर महल

**शलाका चित्रकला प्रदर्शनी**
**समय**-2 बजे से, **स्थान**- जनजातीय संग्रहालय

## 12 साल के तेजस राष्ट्रीय स्पर्धा में मप्र का करेंगे प्रतिनिधित्व

▶ 42वीं सब-जूनियर नेशनल स्वीमिंग चैंपियनशिप

**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल, 6 अगस्त. शहर के 12 वर्षीय तैराक तेजस 42वीं सब-जूनियर नेशनल स्वीमिंग चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे. राज्य चैंपियनशिप में जगह बनाने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है.**

बटरफ्लाई स्ट्रोक उनकी सबसे मजबूत तकनीक है और इसी स्पर्धा में उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है. केएमआर स्वीमिंग अकादमी में कोच मनोज झा से प्रशिक्षण ले रहे तेजस ने 2024 में तैराकी की नियमित तैयारी शुरू की थी. झा के मुताबिक, शुरुआत में उन्हें तैराकी की बुनियादी तकनीक सिखाई गई. इसके बाद उनकी क्षमता को देखते हुए बटरफ्लाई स्ट्रोक पर खास काम किया गया. कम समय में उन्होंने राज्य स्तर तक अपनी पहचान बनाई. तेजस ने हाल में सीबीएसई वेस्ट जोन प्रतियोगिता में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीता था. राज्य चैंपियनशिप के प्रदर्शन से उन्होंने सब-जूनियर नेशनल का टिकट हासिल किया. अब प्रशिक्षण का मुख्य लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना है. तेजस रोज शाम करीब तीन घंटे अभ्यास करते हैं.

## कलार समाज का स्थापना दिवस समारोह 9 अगस्त को

**भोपाल, 6 अगस्त.** वरिष्ठ नागरिक मंच कलार समाज भोपाल के तत्वावधान में मंच का 28 वां स्थापना दिवस समारोह तथा प्रतिभा सम्मान अभिनंदन समारोह रविवार 9 अगस्त को सुबह 9:30 बजे से जेके हॉस्पिटल परिसर स्थित सीएमई हॉल कोलार रोड भोपाल में मनाया जाएगा.

मंच की अध्यक्ष कल्पना आई डी राय ने बताया कि आयोजन में 2025-26 में बोर्ड परीक्षा के प्रतिभाशाली बच्चों तथा वरिष्ठ समाजसेवियों को सम्मानित किया जाएगा. वहीं कुछ बच्चों को स्कॉलरशिप के तौर पर सहायता राशि भी मंच द्वारा प्रदान की जाएगी.

## डीडी मप्र पर 'बुंदेली समाचार' का शुभारंभ

**बुंदेली समाचार प्रतिदिन दोपहर 12 बजे होगा प्रसारित**

**नवभारत न्यूज**

**भोपाल 6 अगस्त. क्षेत्रीय बोलियों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए डीडी न्यूज़ मध्य प्रदेश पर गुरुवार को समाचार एकांश 'बुंदेली समाचार' का शुभारंभ किया गया. महानिदेशक, डीडी (न्यूज़) ममता वर्मा ने दूरदर्शन केंद्र, भोपाल में आयोजित समारोह में इस विशेष समाचार बुलेटिन का शुभारंभ किया.**



कार्यक्रम में अतिरिक्त महानिदेशक, डीडी न्यूज़ (पीबी-शब्द) ऋतु शुक्ला, निदेशक एवं क्षेत्रीय समाचार प्रमुख, डीडी न्यूज़ मध्य प्रदेश पूजा पी. वर्धन, वरिष्ठ बुंदेली साहित्यकार एवं पद्मश्री कैलाश मड़वैया, वरिष्ठ अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे. केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने वीडियो संदेश में कहा कि बुंदेली जैसी समृद्ध लोकभाषा में समाचार प्रसारण क्षेत्र के लोगों को उनकी अपनी बोली में विश्वसनीय समाचार उपलब्ध कराने के साथ सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का माध्यम बनेगा. महानिदेशक, डीडी (न्यूज़) ममता वर्मा ने कहा कि प्रसार भारती भारतीय भाषाओं, बोलियों तथा सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है. पूजा पी. वर्धन ने कहा कि समाचार प्रतिदिन दोपहर 12 बजे आधे घंटे (30 मिनट) प्रसारित किया जाएगा.

## वर्ल्ड योगासन चैम्पियनशिप के विजेता सम्मानित

▶ आरएनटीयू में योग उत्कृष्ट सम्मान समारोह का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 6 अगस्त. रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के योग विभाग द्वारा 'ऋह्ञ योग उत्कृष्ट सम्मान समारोह-2026' और 'एक दिवसीय योग संवाद' का गरिमामय आयोजन किया गया. कार्यक्रम में वर्ल्ड योगासन चैम्पियनशिप के विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र शर्मा रहे. साथ ही अखंड औषधालय के संस्थापक डॉ. चंद्रशेखर तिवारी, सेवानिवृत्त आईपीएस वेदप्रकाश शर्मा और




विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आर पी. दुबे भी मुख्य रूप से मौजूद रहे. खिलाड़ियों को 'आरएनटीयू योग उत्कृष्ट सम्मान-2026'' प्रदान किया गया. कार्यक्रम में भोपाल के योग गुरुओं एवं योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को भी 'योग योद्धा अवॉर्ड' एवं 'योग कर्मवीर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में योग विभागाध्यक्ष डॉ. रत्नेश पाण्डेय, सहायक प्राध्यापक अखिलेश विश्वकर्मा, निखिल मोदी सहित योग विभाग के शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी, योग गुरु, खिलाड़ी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे.



## एम्स के डॉ. अभिषेक को एफआईएसएच फैलोशिप


**भोपाल, 6 अगस्त.** एम्स भोपाल के मेडिसिन विभाग के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. अभिषेक सिंघई को एफआईएसएच (फेलोशिप ऑफ इंडियन सोसायटी ऑफ हाइपरटेंशन) से सम्मानित किया गया. यह सम्मान उच्च रक्तचाप के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट नैदानिक कार्य, शोध तथा शैक्षणिक योगदान के लिए चेन्नई में आयोजित इंडियन सोसायटी ऑफ हाइपरटेंशन के 36वें वार्षिक सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया.

## मेला में चंदेरी, सौंसर के सिल्क वस्त्र रहेंगे आकर्षण का केन्द्र

▶ हाथकरघा दिवस पर गौहर महल में हैंडलूम मेला आज

**निज संवाददाता**

**भोपाल,6 अगस्त.** हर साल 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जाता है. यह दिन देश के बुनकरों और कारीगरों के सम्मान का प्रतीक है, जो अपनी मेहनत और कौशल से परंपराओं को जीवित रखे हुए हैं. गौहर महल में शुक्रवार से राज्य स्तरीय स्वदेशी हैंडलूम मेला शुरू हो रहा है, आयोजन प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया प्रदेश के 40 से 45 कारीगर इसमें शामिल हो रहे हैं. मेले में चंदेरी, महेश्वरी, वारासिवनी और सौसर के सिल्क व कॉटन वस्त्र, साड़ियां, कुर्तियां और ड्रेस मटेरियल आकर्षण का केंद्र रहेंगे. इसके साथ बाग, बटिक, दाबू प्रिंट, गोंड और पिथौरा पेंटिंग, जरी-जरदोजी, बीड वर्क, बेल मेटल शिल्प प्रदर्शित किए जाएंगे.



## आखिरी 4 मिनट में 2 गोल दागे, मध्यप्रदेश फाइनल में

**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल, 6 अगस्त. मप्र की टीम ने गुरुवार को कोयंबटूर में खेली जा रही 16वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली. दूसरे सेमीफाइनल में उसने झारखंड को 2-0 से हराया. दोनों गोल आखिरी चार मिनट में हुए.**

मप्र 8 अगस्त को खिताब के लिए ओडिशा से भिड़ेगा. मैच के शुरुआती तीन क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच बराबरी की टक्कर रही. आखिरी क्वार्टर में मध्यप्रदेश ने हमले तेज किए. 56वें मिनट में राजवीर सिंह ने फील्ड गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई. झारखंड इस झटके से संभल पाता, उससे पहले 58वें मिनट में आशिर आदिल खान ने दूसरा गोल कर मुकाबला मध्यप्रदेश के पक्ष में कर दिया. गोलकीपर जतिन वर्मा ने झारखंड के हमलों के सामने मजबूत बचाव किया. उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

**खेल** | कैंपियन भौंरी 2-0 से जीता आइकॉनिक इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट-2026

## यशमित के दो गोल से डीपीएस कोलार चैंपियन

**खेल प्रतिनिधि**

**भोपाल, 6 अगस्त. यशमित के दो गोलों की मदद से डीपीएस कोलार ने आइकॉनिक इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 का खिताब जीत लिया. फाइनल में टीम ने कैंपियन भौरी को 2-0 से हराया. निर्णायक मुकाबले में दोनों गोल करने वाले यशमित जीत के प्रमुख खिलाड़ी रहे.**



मुकाबले की शुरुआत से डीपीएस कोलार ने गेंद पर पकड़ बनाने की कोशिश की. उसके खिलाड़ियों ने आपसी तालमेल के साथ कैंपियन भौरी के क्षेत्र में लगातार हमले बनाए. इसी दौरान मिले मौकों का फायदा उठाते हुए यशमित ने दो बार गेंद को गोलपोस्ट में पहुंचाया. उनकी इस बढ़त ने टीम को मैच पर नियंत्रण बनाने में मदद की. दो गोल से पिछड़ने के बाद कैंपियन भौरी ने वापसी के प्रयास किए. टीम को गोल करने के कुछ अवसर भी मिले, लेकिन उसके खिलाड़ी उन्हें अंतिम रूप नहीं दे सके. डीपीएस के खिलाड़ियों ने दबाव के बीच विरोधी टीम के हमलों को रोकते हुए अपनी बढ़त कायम रखी. अंतिम सीटी बजने तक कैंपियन की टीम खाता नहीं खोल सकी और मुकाबला 2-0 से डीपीएस के नाम रहा. फाइनल में डीपीएस की जीत की खास बात उसका संतुलित खेल रहा. आक्रमण में यशमित ने मिले अवसरों को गोल में बदला, जबकि रक्षापंक्ति ने विपक्षी खिलाड़ियों को वापसी का मौका नहीं दिया. कैंपियन ने चुनौती देने की कोशिश की, लेकिन गोल के सामने सटीकता की कमी टीम पर भारी पड़ी. आयोजकों के अनुसार, डीपीएस कोलार ने टूर्नामेंट के दौरान लगातार बेहतर तालमेल दिखाया. फाइनल जीतने के बाद टीम को प्रतियोगिता की विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि कैंपियन स्कूल भौरी उपविजेता रहा.